महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

केन्द्रीय अनुसंधान बोर्ड

दिनांक 27/01/2021 समय: प्रात: 11 बजे

कार्यविवरण

उपस्थिति

प्रो. पंकज लक्ष्मण जानी	अध्यक्ष
प्रो. सीमा शर्मा (कला संकाय	सदस्य
प्रो. हरिप्रसाद दीक्षित (वेद वेदांग संकाय	सदस्य
प्रो. रामशरण पाण्डेय (प्राचीन विज्ञान संकाय)	सदस्य
डॉ . तुलसीदास परौहा (नामित सदस्य)	सदस्य
डॉ . उपेन्द्र भार्गव	सदस्य
डॉ. एल.एस सोलंकी	सदस्य

वैदिक मंगलाचरण के साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों का माननीय कुलपति जी ने स्वागत किया तथा कुलसचिव जी ने सभी को पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की।

विषय क्रमांक 1	विश्वविद्यालय में शोध को प्रोत्साहित करने के लिये अन्य शोध संस्थानों से समझोता करने पर विचार।
टीप	विश्वविद्यालय में शोध को प्रोत्साहित करने के लिये अन्य संस्थानों से समझोता किया जाना प्रस्तावित है।
निर्णय	सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शोध को प्रोत्साहित करने के लिये उज्जैन विक्रम विश्वविद्यालय के सिन्धिया ओरियेन्टल रिसर्च सेन्टर से समझोता किया जा सकता है। समझोते का मसौदा तैयार कर आगामी बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया जाये।

विषय क्रमांक 2	शोध लेखन हेतु अध्यापकों, शोध छात्रों तथा छात्रों को प्रोत्साहित करने की योजना पर विचार।
टीप	विश्वविद्यालय में शोध लेखन हेतु अध्यापको सहित शोध छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये योजना तैयार की गई है। समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया कि पटल पर प्रस्तुत तैयार शोध लेखन प्रोत्साहन योजना को यथास्थिति स्वीकृत किया जाता है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि शोध को प्रोत्साहित करने के लिये अनेकानेक प्रकार जैसे सोशल साइट्स आदि के माध्यम से भी प्रचार किया जा सकता है।
विषय क्रमांक 3	शोध से सम्बन्धित होने वाली बाधाओं के विषय में कार्यशाला आयोजित करवाने विषयक ।
टीप	शोध छात्रों को शोध करने में समस्या का सामना करना पडता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिये किसी विद्वान द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करवाना प्रस्तावित है।
निर्णय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया कि शोध छात्रों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये किसी प्रतिष्ठित विद्वान द्वारा साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया जाना उचित होगा।

कुलसचिव ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शान्ति मंत्र के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव	कुलपति
डॉ . एल एस सोलंकी	प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय